हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 14 अक्तूबर 2024, समय 1305 (05 मिनट))

भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को हरियाणा बी.जे.पी विधायक दल की बैठक के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

****

****

कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि लाडवा को ट्रैफिक जाम जैसी समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए जल्द ही कोई योजना तैयार की जाएगी । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के सहयोग से क्षेत्र के विकास के लिए काम किया जाएगा। सांसद नवीन जिंदल मुख्यमंत्री नायब सैनी के विधायक चुने जाने पर कार्यकर्ताओं की ओर से रखे गए आभार समारोह में बोल रहे थे। श्री जिंदल ने कहा कि लाडवा अब मुख्यमंत्री का शहर बन गया है। यह गौरव की बात है कि मुख्यमंत्री ने लाडवा विधानसभा को चुनाव लड़ने के लिए चुना। श्री जिंदल ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने मंच से एक ही बात कही थी कि हरियाणा की जनता जागरुक है। वो उसी को चुनेगी, जिसे केंद्र में चुना है। उन्होंने कहा कि 57 साल के इतिहास में केवल 1987 से 1989 तक का समय ऐसा था, जब केंद्र में कांग्रेस और प्रदेश में लोक दल की सरकार थी। उसके अलावा जिसकी सरकार केंद्र में रही, उसी की सरकार प्रदेश में रही। सांसद ने कहा कि इस बार पूर्ण बहुमत के साथ बी.जे.पी की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले बी.जे.पी की सहयोगी दल के साथ सरकार बनी थी और निजी स्वार्थों के चलते कई बार सहयोगी दल जनहित के उन कार्यों को पूरा नहीं होने देते, जो सरकार करना चाहती है।

****
****

हरियाणा के कार्यवाहक नायब सिंह सैनी ने अपनी पत्नी सुमन सैनी के साथ गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान हरियाणा के बी.जे.पी अध्यक्ष मोहन लाल बडोली भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने माँ से प्रदेशवासियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और प्रार्थना की कि प्रदेशवासी आगे भी हरियाणा के विकास में योगदान देते रहें।
उल्लेखनीय है कि श्री नायब सिंह चुनाव से पहले भी कामाख्या देवी गये थे और चुनाव के बाद भी माँ के चरणों में शीश नवाने गये हैं।

****
****

कैथल जिला परिषद के अध्यक्ष दीपक मलिक जाखौली को अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। आज लघु सचिवालय में हुई बैठक में उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद उन्हें अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ा । हमारे संवाददाता ने बताया है कि अविश्वास मत पर 19 जुलाई को मतदान हुआ था और 20 पार्षदों में से 17 ने मतदान में भाग लिया था। दीपक मलिक के उच्च न्यायालय में चले जाने पर उच्च न्यायालय ने अविश्वास प्रस्ताव पर पड़े वोटों की गिनती पर रोक लगा दी थी, लेकिन बाद में आचार संहिता लागू होने के कारण मतगणना नहीं हो सकी। आज प्रशासन द्वारा मतों की गिनती कारवाई गई। सभी 17 वोट दीपक मलिक जाखौली के खिलाफ दिए गए थे। कैथल के उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि आज बैठक में 15 पार्षद मौजूद रहे। सभी 17 पार्षदों ने उनके खिलाफ मतदान किया था। अब नियमानुसार नए अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा।

****
****

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश जारी किया है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों में ग्रुप सी और डी के विभिन्न पदों के लिए सफल उम्मीदवारों की मेडिकल जांच को सुविधाजनक बनाना है। सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को इस संबंध में जारी एक पत्र में, स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक ने कहा कि सभी ज़िलों में मेडिकल बोर्ड की स्थापना से सफल उम्मीदवारों की मेडिकल जांच यथासंभव शीघ्रता से हो सकेगी।

****
****

अम्बाला पुलिस की अपराध जांच एजेंसी ने कल दीन दयाल नाम के एक आरोपी को 1 किलो,150 ग्राम अफीम सहित काबू किया। आरोपी उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के गाँव भरतपुर का निवासी है। उसे अदालत में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि उसे एक गुप्त सूचना के आधार पर अंबाला शहर के पालिका विहार गेट के नजदीक से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उससे 1 किलो,150 ग्राम अफीम बरामद हुई।

****
****